बिहार लोक सेवा आयोग,
15, नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना
आवश्यक सूचना–सह–दिशा निदेश

श्रम संसाधन विभाग, बिहार के नियंत्रणाधीन वाष्पित्र निरीक्षक के 02 (दो) पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित वि०सं० 02/2018 के अंतर्गत आयोग द्वारा अर्हित उम्मीदवारों में से कोटिवार रिक्ति के पाँच गुणा उम्मीदवारों के साक्षात्कार **दिनांक 29.09.2022** को आयोजित किये जायेंगे, जिसका विस्तृत कार्यक्रम एवं निदेश आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

2. साक्षात्कार के लिए आमंत्रित अभ्यर्थियों का आरक्षण कोटिवार Cut-off marks निम्नवत् हैः–

Sl. No.	Category	Cut-off marks
1.	UR (01)	74.18
2.	BC(05)	69.79

3. उम्मीदवारों से प्राप्त आपत्ति अभ्यावेदनों के निस्तारणोपरान्त अर्हता/ अनर्हता की सूची आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है।
4. वैसे उम्मीदवार, जो आपत्ति अभ्यावेदनों के निस्तारणोपरान्त अनर्हित से अर्हित हुए हैं, उनके अंकों की गणना भी आयोग के वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है, जिसे उम्मीदवार अपना User ID & Password (जो ऑनलाईन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवारों को मिला था) डालकर देख सकते हैं।
5. सभी उम्मीदवार वांछित प्रमाण पत्र साक्षात्कार की तिथि को ही समर्पित करेंगे। साक्षात्कार के उपरान्त कोई भी प्रमाण पत्र/कागजात जमा करने हेतु अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा।
6. साक्षात्कार के लिए आमंत्रित उम्मीदवारों के साक्षात्कार पत्र **साक्षात्कार तिथि के एक सप्ताह पूर्व** से आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे जिसे अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर/अनुक्रमांक डालकर डाउनलोड किया जा सकता है। **साक्षात्कार पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।**
7. साक्षात्कार के लिए बुलाए जा रहे आवेदकों की अभ्यर्थिता पूर्णतः औपबंधिक है। साक्षात्कार में शामिल होने मात्र से उनकी अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। साक्षात्कार के समय या उसके बाद उनकी अर्हता पर यथासम्भव आवश्यक निर्णय लेने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा।

6.9.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना